राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–134/2024

दिव्यांगों के प्रति सदैव संवेदनशील रहें–राज्यपाल

पटना, 07 जुलाई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने लायंस क्लब ऑफ पटना सेन्टेनियल द्वारा नेत्रहीन बच्चों के लिए आयोजित 'विजन वॉक' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें नेत्रहीनों तथा अन्य दिव्यांगों के प्रति सदैव संवेदनशील रहना चाहिए। उनके साथ अच्छा बर्ताव किया जाना चाहिए। समाज के ऐसे पीड़ित लोगों की भलाई के लिए कुछ–न–कुछ करना हमारा दायित्व है।

उन्होंने बैलून उड़ाकर 'विजन वॉक' का शुभारंभ किया तथा इसे झंडी दिखाकर रवाना किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर पुस्तक का विमोचन किया तथा बिहार नेत्रहीन परिषद् के महासचिव श्री नवल शर्मा को सम्मानित किया। कार्यक्रम को लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर श्री गणवंत मल्लिक ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के उप प्रबंध निदेशक श्री शिवओम दीक्षित, लायंस क्लब के सदस्यगण, 'विजन वॉक' में भाग लेने वाले नेत्रहीन बच्चे तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....